रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 06/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** यदि किसी वस्तु का विस्थापन दोगुना हो जाता है, जबकि नियत बल अपरिवर्तित रहता है, तो बल–विस्थापन ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्रफल ________________।

Ans A). मूल क्षेत्रफल का दोगुना हो जाता है B). मूल क्षेत्रफल का आधा हो जाता है C). मूल क्षेत्रफल का चार गुना हो जाता है D). अपरिवर्तित रहता है

Correct Answer: A

**Q.2** बुध की तुलना में शुक्र अधिक गर्म है, भले ही बुध, सूर्य के अधिक निकट है। पृथ्वी के वायुमंडलीय विज्ञान के अनुसार, सबसे संभावित व्याख्या क्या है?

Ans A). अपने आकार के कारण शुक्र को अधिक सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है B). बुध में किसी भी महत्वपूर्ण वायुमंडलीय परत का अभाव है

C). सूर्य के निकटता के कारण बुध में तीव्र ऊष्मा हानि होती है D). शुक्र का वायुमंडल एक प्रबल ग्रीनहाउस प्रभाव उत्पन्न करता है

Correct Answer: D

**Q.3** जल में आंशिक रूप से डूबी हुई पेंसिल, पृष्ठ पर मुड़ी हुई क्यों दिखाई देती है, इसे निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम तरीके से स्पष्ट करता है?

Ans A). प्रकाश, वायु से जल में जाने पर अपनी दिशा बदल लेता है B). पेंसिल प्रकाश को अवशोषित करती है और इसे भिन्न कोण पर उत्सर्जित करती है

C). प्रकाश, पेंसिल से परावर्तित होकर आपकी आँखों तक वापस पहुँचता है D). जल के कारण पेंसिल मोटी दिखाई देती है

Correct Answer: A

**Q.4** एक परिपथ में 4 ओम, 6 ओम और 12 ओम के तीन प्रतिरोधक समांतर क्रम में जुड़े हैं। कुल प्रतिरोध के बारे में कौन-सा कथन सही है?

Ans A). कुल प्रतिरोध, सभी प्रतिरोधों के योग के बराबर होता है B). कुल प्रतिरोध, सबसे छोटे व्यष्टिगत प्रतिरोध से कम होता है

C). कुल प्रतिरोध, व्यष्टिगत प्रतिरोधों में से एक के बराबर होता है D). कुल प्रतिरोध, सबसे बड़े व्यष्टिगत प्रतिरोध के बराबर होता है

Correct Answer: B

**Q.5** बोर–बरी नियमों के अनुसार, किसी परमाणु के L कोश में अधिकतम कितने इलेक्ट्रॉनों को समायोजित किया जा सकता है?

Ans A). केवल सोलह इलेक्ट्रॉन B). केवल दो इलेक्ट्रॉन C). केवल आठ इलेक्ट्रॉन D). केवल चार इलेक्ट्रॉन

Correct Answer: C

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि समान परमाणु संख्या वाले तत्व समान रासायनिक गुणधर्म क्यों प्रदर्शित करते हैं, भले ही उनकी द्रव्यमान संख्या अलग-अलग हो?

Ans A). क्योंकि उनके परमाणु द्रव्यमान समान होते हैं। B). क्योंकि उनमें प्रोटॉनों और इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है।

C). क्योंकि उनमें न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है। D). क्योंकि वे एक ही भौतिक अवस्था में पाए जाते हैं।

Correct Answer: B

**Q.7** **एक निर्माता ऐसे तापन अवयवों को डिजाइन करना चाहता है जिनके माध्यम से धारा प्रवाहित होने पर अधिक ऊष्मा उत्पादित हो। इस उद्देश्य के लिए पदार्थ के किस गुण को अधिकतम किया जाना चाहिए?**

Ans A). दी गई धारा के लिए ऊष्मा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रतिरोधकता को न्यूनतम किया जाना चाहिए

B). अधिकतम ऊष्मा उत्पादन के लिए शून्य प्रतिरोधकता वाले पदार्थ का उपयोग किया जाना चाहिए

C). दी गई धारा के लिए ऊष्मा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रतिरोधकता को अधिकतम किया जाना चाहिए

D). दी गई धारा के लिए ऊष्मा उत्पादन बढ़ाने के लिए चालकता को अधिकतम किया जाना चाहिए

Correct Answer: C

**Q.8** **साबुनीकरण साबुन निर्माण से किस प्रकार संबंधित है?**

Ans A). साबुनीकरण से लंबी श्रृंखला वाले कार्बोक्सिलिक अम्लों के सोडियम या पोटैशियम लवण बनते हैं, जो साबुन होते हैं।

B). साबुनीकरण से केवल एस्टर बनते हैं जिनका उपयोग सुवासकारी पदार्थों में किया जाता है।

C). साबुनीकरण से सफाई के लिए एथेनॉल निर्मित होता है।

D). साबुनीकरण का साबुन उत्पादन से कोई संबंध नहीं है।

Correct Answer: A

**Q.9** **खाद्य श्रृंखलाओं में सामान्यतः केवल 3-4 पोषी स्तर ही क्यों होते हैं?**

Ans A). शीर्ष मांसाहारियों को कोई अन्य जीव नहीं खा सकते हैं

B). अपघटक खाद्य श्रृंखला को समाप्त कर देते हैं

C). अगले पोषी स्तर तक ऊर्जा उपलब्धता अत्यंत निम्न होती है

D). उत्पादक समष्टि निम्न होती है

Correct Answer: C

**Q.10** **एक तालाब में मादा मेंढक द्वारा दिए गए जेली जैसे अंडों का एक बड़ा गुच्छ (cluster) है। मेंढकों में निषेचन का सबसे संभावित तरीका क्या है?**

Ans A). जेली जैसे अंडों का अलैंगिक मुकुलन

B). जल में बाह्य निषेचन

C). वैज्ञानिकों द्वारा पात्रे निषेचन

D). तालाब के पादपों के भीतर आंतरिक निषेचन

Correct Answer: B

**Q.11** **निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:**
**$Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$**

**कौन-सा कथन, उपरोक्त अभिक्रिया को द्वि विस्थापन अभिक्रिया के रूप में सर्वोत्तम तरीके से वर्गीकृत करता है?**

Ans A). एक धातु यौगिक से दूसरे को विस्थापित करती है

B). आयनों के विनिमय से दो नए यौगिक बनते हैं

C). अभिक्रियक संयोजित होकर केवल एक उत्पाद बनाते हैं

D). ऊष्मा, यौगिक को उत्पादों में विभक्त करती है

Correct Answer: B

**Q.12** **हॉर्नबिल प्रजातियों (hornbill species) में आनुवंशिक समानता का अध्ययन करने वाले शोधकर्ता द्वारा वर्गीकरण हेतु किस अभिलक्षण का उपयोग करने की सर्वाधिक संभावना हैं?**

Ans A). DNA अनुक्रम की तुलना

B). घोंसले बनाने का स्थान

C). आहार संरचना

D). चोंच की आकृति और आमाप

Correct Answer: A

**Q.13** **एक विद्यार्थी कॉपर सल्फेट के नीले विलयन में एक लोहे की कील डुबोता है। 30 मिनट बाद, नीला रंग फीका पड़ जाता है और कील पर लाल-भूरे रंग का निक्षेप बन जाता है। यह लाल-भूरे रंग का निक्षेप किस कारण होता है?**

Ans A). Fe के कॉपर ऑक्साइड में परिवर्तित होना

B). कॉपर सल्फेट के आयरन ऑक्साइड (जंग) में परिवर्तित होना

C). कॉपर सल्फेट के धात्विक कॉपर में परिवर्तित होना

D). कॉपर सल्फेट के $Cu^+$ में परिवर्तित होना

Correct Answer: C

**Q.14** **निम्नलिखित दो कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**
**कथन I: जब सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में मेथेन क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करती है, तो मेथेन में मौजूद हाइड्रोजन परमाणु धीरे-धीरे क्लोरीन परमाणुओं द्वारा प्रतिस्थापित हो जाते हैं।**
**कथन II: मेथेन और क्लोरीन के बीच होने वाली इस अभिक्रिया को योगज अभिक्रिया कहा जाता है।**

Ans A). केवल कथन II सही है।

B). केवल कथन I सही है।

C). दोनों कथन सही हैं।

D). दोनों कथन गलत हैं।

Correct Answer: B

**Q.15** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एकसमान चाल से गतिमान किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ पर ऊपर की ओर ढलान वाली एक सरल रेखा का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). वस्तु बार-बार अपने प्रारंभिक बिंदु पर लौटती है

B). वस्तु समान समयांतरालों में समान दूरियां तय करती है

C). वस्तु पूरी अवधि में परिवर्ती चाल से गति करती है

D). वस्तु सभी समयों पर स्थिर रहती है

Correct Answer: B

**Q.16** **द्रुमिका को सूचना प्राप्त होने के बाद, आवेग किस अगली संरचना में जाता है?**

Ans A). तंत्रिकाक्ष (Axon)

B). तंत्रिकाक्ष छोर (Axon end)

C). द्रुमिका (Dendrite)

D). कोशिका-काय (Cell body)

Correct Answer: D

**Q.17** एक मशीन 10 W की शक्ति उत्पन्न करती है। इसका क्या अर्थ है?

Ans A). यह 10 N का बल अनुप्रयुक्त करती है B). यह प्रत्येक सेकंड में 10 J कार्य करती है C). यह 10 J ऊर्जा संग्रहीत करती है D). यह प्रत्येक मिनट में 10 J कार्य करती है

Correct Answer: B

**Q.18** वह प्रक्रिया क्या कहलाती है जिसमें जीव ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और इसका उपयोग कोशिकीय गतिविधियों हेतु भोजन के विघटन में करते हैं?

Ans A). प्रकाश संश्लेषण B). श्वसन C). वाष्पोत्सर्जन D). किण्वन

Correct Answer: B

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मानव परिसंचरण तंत्र में प्रकुंचन और अनुशिथिलन दाब का वर्णन करता है?

Ans A). प्रकुंचन और अनुशिथिलन दोनों शिथिलन हैं B). प्रकुंचन संकुचन है, अनुशिथिलन शिथिलन है C). प्रकुंचन शिथिलन है, अनुशिथिलन संकुचन D). प्रकुंचन और अनुशिथिलन दोनों संकुचन हैं

Correct Answer: B

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एकसमान वृत्तीय गति करने वाली किसी वस्तु के वेग का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). वेग का परिमाण नियत रहता है, लेकिन वृत्त के चारों ओर इसकी दिशा निरंतर बदलती रहती है। B). पूरी गति के दौरान वेग का परिमाण और दिशा दोनों अपरिवर्तित रहते हैं। C). वस्तु एक सीधे पथ पर परिवर्ती वेग के साथ गति करती है। D). वस्तु की चाल वृत्त में घूमते समय बढ़ती और घटती रहती है।

Correct Answer: A

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा, निलंबन का एक विशिष्ट अभिलक्षण है?

Ans A). कणों को नग्न नेत्रों से देखा जा सकता है और स्थिर होने पर वे नीचे बैठ जाते हैं। B). कण इतने छोटे होते हैं कि स्थिर होने पर नीचे नहीं बैठते हैं। C). निलंबन टिंडल प्रभाव दिखाता है लेकिन पारदर्शी होता है। D). यह एक समांगी मिश्रण है जिसमें विलेय एकसमान रूप से विलीन हो जाता है।

Correct Answer: A

**Q.22** अभिनेत्र लेन्स की अपनी फोकस दूरी को समायोजित करने की क्षमता को क्या कहा जाता है?

Ans A). दृष्टि निर्बन्ध B). समंजन क्षमता C). अपवर्तन D). मायोपिया

Correct Answer: B

**Q.23** आभूषणों जैसी नाजुक वस्तुओं की सफाई के लिए पराध्वनि तरंगों का उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans A). ये सूक्ष्म कंपन उत्पन्न करती हैं जो गंदगी को हटा देते हैं B). ये दाग हटाने के लिए आभूषणों को गर्म करती हैं C). ये चुंबकत्व के साथ गंदगी के कणों को आकर्षित करती हैं D). ये विशेष रसायनों का उपयोग करके गंदगी को विलीन करती हैं

Correct Answer: A

**Q.24** क्षारीय विलयनों को जल में विलीन करने पर विद्युत का चालन क्यों करते हैं?

Ans A). क्योंकि ऊष्मा ऊर्जा से विद्युत धारा उत्पन्न होती है B). क्योंकि हाइड्रॉक्साइड आयन, आवेश वाहक के रूप में कार्य करते हैं C). क्योंकि क्षार से मुक्त इलेक्ट्रॉनों का विमोचन होता है D). क्योंकि क्षार, आयनों के बिना पूर्णतया विलीन हो जाते हैं

Correct Answer: B

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा उपकला ऊतकों का कार्य नहीं है?

Ans A). अवशोषण B). रक्षण C). स्राव D). लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण

Correct Answer: D

**Q.26** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानें I, II, III और IV पर समान है।
कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 32% और 67% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II, 98% और 40% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III, 37% और 74% की क्रमिक छूट देती है, और दुकान IV, 29%, 47%, और 92% की क्रमिक छूट देती है।
कौन सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). IV B). II C). I D). III

Correct Answer: B

**Q.27** एक व्यक्ति P एक प्रोजेक्ट को 24 दिनों में पूरा कर सकता है, और दूसरा व्यक्ति Q इसे 36 दिनों में पूरा कर सकता है। वे 4 दिनों तक साथ काम करते हैं, जिसके बाद Q काम छोड़कर चला जाता है। P शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा? (अपना उत्तर दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans A). 17.67 दिन B). 17.33 दिन C). 17.53 दिन D). 17.87 दिन

Correct Answer: B

**Q.28** दो बेलनाकार पात्रों का कुल आयतन 2,200 $cm^3$ है। पहले बेलन की त्रिज्या 5 cm और ऊँचाई 10 cm है। यदि दूसरे बेलन की त्रिज्या, पहले बेलन की त्रिज्या के समान है, तो दूसरे बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 3.14 का उपयोग करें और अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans A). 20.67 cm B). 19.85 cm C). 19.10 cm D). 18.03 cm

Correct Answer: D

**Q.29** 11 cm और 5 cm त्रिज्याओं वाले दो वृत्तों के केंद्रों के बीच की दूरी 10 cm है। दोनों वृत्तों की प्रत्यक्ष उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 cm B). 16 cm C). 12 cm D). 4 cm

**Correct Answer: A**

**Q.30** एक व्यक्ति शहर A से शहर B तक 60 km/h की चाल से यात्रा करता है, फिर शहर B से शहर C तक 90 km/h की चाल से तथा अंत में शहर C से सीधे शहर A तक 72 km/h की चाल से वापस आता है। यदि A और B के बीच तथा B और C के बीच की दूरी बराबर है, तथा B, A और C के बीच स्थित है, तो संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 72 km/hr B). 66 km/hr C). 70 km/hr D). 68 km/hr

**Correct Answer: A**

**Q.31** A और B एक व्यवसाय में समान अवधि के लिए क्रमशः ₹24,000 और ₹36,000 का निवेश करते हैं। वह अनुपात ज्ञात कीजिए जिस अनुपात में लाभ को A और B के बीच विभाजित किया जाना चाहिए।

**Ans** A). 3 : 2 B). 5 : 4 C). 4 : 5 D). 2 : 3

**Correct Answer: D**

**Q.32** एक रेसिपी में 3:2:1 के अनुपात में आटा, चीनी और मक्खन की आवश्यकता होती है। यदि उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की कुल मात्रा 18 कप है, तो कितने कप चीनी की आवश्यकता है?

**Ans** A). 9 B). 12 C). 3 D). 6

**Correct Answer: D**

**Q.33** 16 - 5 × 4 + 4 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). -2 B). 2 C). 0 D). -1

**Correct Answer: C**

**Q.34** यदि 7-अंकीय संख्या 48085A7, 3 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान कितना है?

**Ans** A). 8 B). 7 C). 1 D). 4

**Correct Answer: C**

**Q.35** साधारण ब्याज पर निवेशित ₹800 की धनराशि 8 वर्षों में ₹1,200 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{25}{4}\%$ B). $6.5\%$ C). $6\%$ D). $6\frac{1}{3}\%$

**Correct Answer: A**

**Q.36** नीचे दी गई तालिका में चार विद्यार्थियों द्वारा एक महीने में पढ़ी गई पुस्तकों की संख्या दर्शाई गई है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थी का नाम | रवि | सीता | अमित | नेहा |
| पुस्तकों की संख्या | 12 | 14 | 11 | 13 |

इन विद्यार्थियों द्वारा पढ़ी गई पुस्तकों की औसत संख्या कितनी है?

**Ans** A). 13 B). 12.5 C). 12 D). 13.5

**Correct Answer: B**

**Q.37** ₹4,000 की धनराशि 2 वर्षों में वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹4,410 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 10% B). 5% C). 2.5% D). 7.5%

**Correct Answer: B**

**Q.38** $\left\{2\tan^2A+\frac{4}{(1+\cot^2A)}+2\sec^2A+\frac{4}{(1+\tan^2A)}\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $4\sec^2A-2$ B). $\sec^2A+2$ C). $4\sec^2A+2$ D). $\sec^2A-2$

**Correct Answer: C**

**Q.39** अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 5% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹118 व्यय किए और इसे मीनू को 40% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,841 में खरीदा है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹1,225 B). ₹1,251 C). ₹1,260 D). ₹1,261

**Correct Answer: C**

**Q.40** रमन की आय ₹25,000 है। वह अपनी आय का 25.5% बचत करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि हो जाती है और व्यय में 40% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी बचत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Ans** A). ₹2,446 की वृद्धि होगी B). ₹2,450 की कमी होगी C). ₹2,452 की कमी होगी D). ₹2,453 की वृद्धि होगी

**Correct Answer: B**

Q.41 एक व्यक्ति अपनी धनराशि का 22% खो देता है। शेष राशि का 25% खर्च करने के बाद उसके पास ₹7,137 बचते हैं। उसके पास मूल रूप से कितनी धनराशि थी?

Ans A). ₹12,100 B). ₹12,400 C). ₹12,200 D). ₹12,300

Correct Answer: C

Q.42 क्षैतिज तल पर इमारत के पाद से 90 m की दूरी से उसके शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है। इमारत की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). $60\sqrt{3}$ m B). $30\sqrt{3}$ m C). $90\sqrt{3}$ m D). $\frac{30}{\sqrt{3}}$ m

Correct Answer: B

Q.43 एक कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा पहले 11 महीनों में उपयोग किए गए प्रिंटिंग पेपर रीम की खपत 21, 25, 30, 15, 17, 35, 28, 19, 42, 49 और 59 के रूप में दी गई है। माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans A). 30 B). 32 C). 28 D). 26

Correct Answer: C

Q.44 एक शंकु की ऊँचाई 28 cm है और उसके आधार की त्रिज्या 14 cm है। शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

Ans A). $17248\ cm^3$ B). $\frac{18248}{3}\ cm^3$ C). $\frac{17248}{3}\ cm^3$ D). $18248\ cm^3$

Correct Answer: C

Q.45 पीयूष के पास ₹1,681 थे। उसने इस धनराशि को अपने पुत्रों, मनोज और आनंद के बीच बाँट दिया और उन्हें अपने संबंधित हिस्सों को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से निवेश करने के लिए कहा। यह देखा गया कि मनोज और आनंद को क्रमशः 16 वर्ष और 17 वर्ष बाद समान मिश्रधन प्राप्त हुआ। पीयूष ने मनोज को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans A). 711 B). 820 C). 920 D). 861

Correct Answer: D

Q.46 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 11 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 1870 है। यदि एक संख्या 22 है, तो दूसरी संख्या का इकाई अंक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 B). 3 C). 7 D). 5

Correct Answer: D

Q.47 किसी यात्रा का एक तिहाई भाग 62 km/hr की चाल से तय किया जाता है, यात्रा का अगला एक तिहाई भाग 99 km/hr की चाल से तय किया जाता है और यात्रा का शेष भाग 51 km/hr की चाल से तय किया जाता है। संपूर्ण यात्रा की औसत चाल (km/hr में, 1 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितनी होगी?

Ans A). 61.4 B). 62.1 C). 65.5 D). 60.8

Correct Answer: C

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण, कथन: "m का एक-पाँचवाँ भाग, n के एक-तिहाई भाग का दोगुना है" को निरूपित करता है?

Ans A). $\frac{m}{5} = \frac{2n}{3}$ B). $\frac{2m}{3} = \frac{n}{5}$ C). $\frac{m}{3} = \frac{2n}{5}$ D). $\frac{2m}{3} = 5n$

Correct Answer: A

Q.49 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 45 है, तो (8x + 9y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 7 | 12 | x | 5 | y | 76 |

Ans A). 402 B). 417 C). 423 D). 424

Correct Answer: B

Q.50 एक व्यापारी के पास 2650 kg चावल है, जिसका एक भाग वह 36% के लाभ पर बेचता है और शेष भाग को 16% के लाभ पर बेचता है। उसे कुल मिलाकर 28% का लाभ प्राप्त होता है। 16% के लाभ पर बेची गई मात्रा ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1080 kg B). 1040 kg C). 1060 kg D). 1020 kg

Correct Answer: C

Q.51 सात बॉक्स B, F, G, H, R, T और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। H और G के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। H के ऊपर केवल R को रखा गया है। T और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के ठीक ऊपर Y को रखा गया है। Y के ठीक ऊपर F को नहीं रखा गया है। T के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans A). 4 B). 2 C). 3 D). 1

Correct Answer: A

**Q.52** Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सप्ताह के अलग-अलग दिनों में है, जो सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होती है। T की परीक्षा बुधवार को है। T और U के बीच ठीक तीन लोगों की परीक्षा है। Q की परीक्षा E के ठीक बाद है और W की परीक्षा E के ठीक पहले है। R और E के बीच केवल तीन लोगों की परीक्षा है। Y के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

**Ans** A). U B). T C). Q D). R

**Correct Answer: B**

---

**Q.53** दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 4 2 8 3 7 4 7 1 6 1 3 1 3 9 3 6 6 5 6 7 4 8 4 9 1 9 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

**Ans** A). 5 B). 7 C). 6 D). 8

**Correct Answer: C**

---

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
CPT EQV GRX ISZ ?

**Ans** A). KUB B). JTA C). KTB D). JUB

**Correct Answer: C**

---

**Q.55** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 4 1 7 5 2 8 9 1 6 3 2 7 4 1 3 7 9 5 3 6 8 3 4 1 2 7 5 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक सम अंक है?

**Ans** A). एक B). तीन C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: C**

---

**Q.56** छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाईं ओर से गिनने पर D और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P के बाईं ओर तीसरे स्थान पर D बैठा है। P के ठीक दाएं पड़ोस में Q बैठा है। O का निकटतम पड़ोसी E नहीं है।
C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). Q B). P C). O D). E

**Correct Answer: A**

---

**Q.57** दी गई अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) E L £ F 8 8 $ & S 9 L 7 * I © Y 1 M 3 $ S V (दाएं)

यदि सभी संख्याओं को शृंखला से हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से क्या बाईं ओर से पांचवें स्थान पर आएगा?

**Ans** A). $ B). & C). F D). £

**Correct Answer: A**

---

**Q.58** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएँ) 342 339 531 568 319 (दाएँ)
(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणामी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 7 B). 10 C). 9 D). 8

**Correct Answer: C**

---

**Q.59** सभी 44 व्यक्ति, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। हेनरी दाएं छोर से 16वें स्थान पर है जबकि एलेक्सा बाएं छोर से 9वें स्थान पर है। हेनरी और एलेक्सा के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

**Ans** A). 17 B). 16 C). 19 D). 18

**Correct Answer: C**

---

**Q.60** नीचे दिए गए दो युग्मों के समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JSR : HVU
FOL : DRO

**Ans** A). KUJ : IWM B). LJM : JMO C). EVH : CYK D). ORO : MUQ

**Correct Answer: C**

**Q.61** **सात व्यक्ति D, H, J, L, S, T और Y, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। S और Y के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। D, Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H, J के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन L के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।**
**H के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

**Ans** A). चार    B). तीन    C). एक    D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.62** **यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?**

**3 B 2 D 28 A 7 C 4 = ?**

**Ans** A). 12    B). 6    C). 4    D). 8

**Correct Answer: B**

**Q.63** **नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?**

**(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)**

**6 – 2 – 15 – 31; 8 – 4 – 17 – 35**

**Ans** A). 13 – 9 – 64 – 129    B). 10 – 6 – 25 – 51    C). 7 – 3 – 16 – 31    D). 9 – 5 – 18 – 37

**Correct Answer: D**

**Q.64** **यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।**

**(बाएं) GIR PVT DEC NOW (दाएं)**

**प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?**

**Ans** A). तीन    B). चार    C). एक    D). दो

**Correct Answer: A**

**Q.65** **इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।**
**प्रश्न: पाँच विद्यार्थियों – कृति, मेहुल, निशा, ओजस और प्रणव – ने एक परीक्षा में अलग-अलग अंक प्राप्त किए।**
**सबसे कम अंक किसने प्राप्त किए?**
**(I) मेहुल ने ठीक तीन विद्यार्थियों से अधिक अंक प्राप्त किए।**
**(II) कृति ने निशा से अधिक, लेकिन ओजस से कम अंक प्राप्त किए। प्रणव ने सबसे कम अंक प्राप्त नहीं किए।**

**Ans** A). केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है

B). केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन I या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

**Correct Answer: D**

**Q.66** **इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।**
**5 छड़ियों U, R, N, S और T में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, सबसे छोटी छड़ी कौन-सी है?**
**(I) T, N से लंबी है।**
**(II) S, T से लंबी है। U केवल एक छड़ी से छोटी है।**

**Ans** A). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

B). केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

C). कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन 1 या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

D). केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।

**Correct Answer: A**

**Q.67** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Cp × Sj – Qn # Et + Gy' हो, तो Et का Cp से क्या संबंध है?

**Ans** A). पति की माता B). पुत्र की पत्नी C). भाई की पत्नी D). पति की बहन **Correct Answer: A**

---

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). LJ - GF B). RP - MK C). JH - EC D). NL - IG **Correct Answer: A**

---

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से JRYH का संबंध HPWF से है। उसी प्रकार, VGLW का संबंध TEJU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZRPE का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans** A). XPNC B). CXNP C). NCXP D). PCXN **Correct Answer: A**

---

**Q.70** ऋत्विक बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व दिशा में 23 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 14 km चलता है, फिर वह दाएँ मुड़कर 26 km चलता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़कर 19 km चलता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 3 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

**Ans** A). 5 km, उत्तर दिशा में B). 7 km, दक्षिण दिशा में C). 7 km, उत्तर दिशा में D). 5 km, दक्षिण दिशा में **Correct Answer: D**

---

**Q.71** यदि शब्द HISTOGRAM के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). 2 B). 3 C). 1 D). 0 **Correct Answer: C**

---

**Q.72** यदि संख्या 4168327 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का अंतर कितना होगा?

**Ans** A). 0 B). 3 C). 1 D). 2 **Correct Answer: D**

---

**Q.73** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JLI−KMJ
MOL−NPM

**Ans** A). YZV−YAX B). YAX−ZBY C). YZV−ZBY D). YAX−YBX **Correct Answer: B**

---

**Q.74** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

192 203 225 258 302 ?

**Ans** A). 368 B). 357 C). 378 D). 376 **Correct Answer: B**

---

**Q.75** शब्द ANALYST के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). 7 B). 4 C). 6 D). 8 **Correct Answer: A**

---

**Q.76** एक निश्चित कूट भाषा में, 'OPEN' को '5718' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ONCE' को '9187' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 7 B). 9 C). 8 D). 1 **Correct Answer: B**

Q.77 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 210 का संबंध 315 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 180 का संबंध 270 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 240 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

Ans A). 360 B). 300 C). 390 D). 420

Correct Answer: A

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). EI-HN B). FJ-LO C). CG-FL D). XB-AG

Correct Answer: B

Q.79 यदि संख्या 72659314 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाता है और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से दूसरे अंक और दाएँ से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans A). 4 B). 8 C). 6 D). 12

Correct Answer: C

Q.80 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A − B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S + E ÷ W − T × N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans A). पिता की बहन B). पत्नी के पिता की माता C). पत्नी की बहन D). पत्नी के पिता की बहन

Correct Answer: D

Q.81 9 जनवरी, 2026 को रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला ने 'एक्टिवली कूल्ड फुल-स्केल स्क्रैमजेट कंबस्टर' का सफलतापूर्वक दीर्घावधि भू-परीक्षण किया। यह तकनीक मुख्यतः किस प्रकार की प्रणोदन तंत्रों के विकास से संबंधित है?

Ans A). क्रायोजेनिक रॉकेट प्रणोदन तंत्र B). परमाणु-संचालित प्रणोदन तंत्र C). हाइपरसोनिक वायु श्वासी प्रणोदन तंत्र D). टर्बोफैन प्रणोदन तंत्र

Correct Answer: C

Q.82 भारत सरकार ने 2025-26 के दौरान मुख्य रूप से महिलाओं में किस बीमारी के बोझ को कम करने के लिए HPV टीकाकरण पर बल दिया?

Ans A). गर्भवती माताओं में मलेरिया B). ग्रामीण महिलाओं में तपेदिक (Tuberculosis) C). शहरी रोगियों में मधुमेह D). महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (Cervical cancer)

Correct Answer: D

Q.83 2026 के दौरान नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य निम्नलिखित में से कौन बना?

Ans A). सुमन के. बेरी B). गोवर्धन दास C). राजीव गौबा D). डॉ. जोराम अनिया

Correct Answer: D

Q.84 निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने 2026 पुरुष T20 विश्व कप फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया?

Ans A). संजू सैमसन B). अभिषेक शर्मा C). तिलक वर्मा D). ईशान किशन

Correct Answer: A

Q.85 2026 पिकलबॉल वर्ल्ड कप (Pickleball World Cup) की मेज़बानी के लिए किस शहर को चुना गया, जो एशिया में आयोजित होने वाला इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण होगा?

Ans A). बीजिंग B). सिंगापुर C). टोक्यो D). दा नांग

Correct Answer: D

Q.86 2026 में, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने किस हिमालयी राज्य में एक पायलट परियोजना के बाद 'ग्लेशीयल लेक औटबर्स्ट फ़्लड (GLOFs)' के लिए पूर्व चेतावनी तंत्र की समीक्षा की और उसका विस्तार किया?

Ans A). उत्तराखंड B). सिक्किम C). हिमाचल प्रदेश D). अरुणाचल प्रदेश

Correct Answer: C

Q.87 जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 किस प्रमुख शासन सुधार एजेंडे से जुड़ा है?

Ans A). सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का निजीकरण B). अंतरिक्ष मिशन सुधार C). प्रत्यक्ष कर संग्रह का विस्तार D). व्यवसाय संचालन में विश्वास आधारित आसानी

Correct Answer: D

Q.88 निम्नलिखित में से किस टीम ने 2026 का इंडियन सुपर लीग फ़ुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीता?

Ans A). मुंबई सिटी एफसी B). मोहन बागान C). ओडिशा एफसी D). ईस्ट बंगाल

Correct Answer: D

Q.89 पद्म पुरस्कार 2026 के अनुसार, पश्चिम बंगाल से निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार विजेता साहित्य और शिक्षा से संबंधित है?

Ans A). अशोक कुमार हलदार B). प्रकाश गुप्ता C). डॉ. अंजली मेनन D). मीना राजू

Correct Answer: A

Q.90 फरवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, 6G प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास के लिए कितनी परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी थी?

Ans A). 126 परियोजनाएं B). 104 परियोजनाएं C). 92 परियोजनाएं D). 78 परियोजनाएं

Correct Answer: B

Q.91 28 अप्रैल, 2026 को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक किस देश की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी?

Ans A). रिपब्लिक ऑफ़ उज़्बेकिस्तान (Republic of Uzbekistan) B). रशियन फ़ेडरेशन (Russian Federation) C). रिपब्लिक ऑफ़ इंडिया (Republic of India) D). किर्गिज़ रिपब्लिक (Kyrgyz Republic)

Correct Answer: D

Q.92 उत्तर भारत में राष्ट्रीय स्तर के मानसिक स्वास्थ्य संस्थान की अनुपस्थिति को दूर करने के लिए केंद्रीय बजट 2026–27 में किस प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान की घोषणा की गई थी?

Ans A). राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य केंद्र B). NIMHANS-2 C). राष्ट्रीय साइकेट्री मिशन D). AIIMS मानसिक स्वास्थ्य केंद्र

Correct Answer: B

Q.93 कैंटर ब्रांडज़ (Kantar BrandZ) 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, किस वित्तीय सेवा की बड़ी कंपनी ने भारत के सबसे मूल्यवान ब्रांड का खिताब पुनः प्राप्त कर लिया है?

Ans A). ICICI बैंक B). HDFC बैंक C). एक्सिस बैंक D). स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया

Correct Answer: B

Q.94 2025 में भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में किसने शपथ ली?

Ans A). रमेश बैस B). आचार्य देवव्रत C). जगदीप धनखड़ D). सी.पी. राधाकृष्णन

Correct Answer: D

Q.95 इनमें से किस राज्य ने जनवरी 2026 में भारत की पहली डीप टेक स्टार्ट-अप नीति का शुभारंभ किया?

Ans A). उत्तर प्रदेश B). तमिलनाडु C). महाराष्ट्र D). बिहार

Correct Answer: B

Q.96 बेलेम में आयोजित COP30 वार्ता के दौरान, भारत ने ____________ बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विकासशील देशों के लिए दृढ़तापूर्वक वकालत की।

Ans A). जलवायु वित्त सहायता B). औद्योगिक उत्पादन में कटौती C). वाणिज्यिक बैंक अविनियमन D). सीमापार व्यापार प्रतिबंध

Correct Answer: A

Q.97 मई 2026 में, भारत ने स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड के तत्वावधान में किस केंद्र से अल्प-दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल "अग्नि-1 (Agni-1)" का सफल परीक्षण प्रक्षेपण किया?

Ans A). एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर, ओडिशा B). पोखरण परीक्षण रेंज, राजस्थान C). विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम D). डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा

Correct Answer: A

Q.98 केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित खेलो इंडिया मिशन के तहत, निम्नलिखित में से किसे एक प्रमुख विशेषता के रूप में सूचीबद्ध किया गया था?

Ans A). बहु-स्तरीय प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से एकीकृत प्रतिभा मार्ग B). वरिष्ठ एथलीटों के लिए विशेष निजी-लीग छात्रवृत्ति C). सभी जिला स्तरीय एथलीटों के लिए अनिवार्य विदेशी कोचिंग D). सेवानिवृत्त राष्ट्रीय प्रशिक्षकों के लिए पेंशन से जुड़े प्रलोभन

Correct Answer: A

Q.99 किस संस्थागत निकाय के फ्रंटियर टेक हब ने 2025 में "कृषि की पुनर्कल्पना: अग्रणी प्रौद्योगिकी पर आधारित परिवर्तन के लिए एक रोडमैप" शीर्षक से अभूतपूर्व कृषि रोडमैप का अनावरण किया?

Ans A). नीति आयोग B). राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक C). भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद D). इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

Correct Answer: A

Q.100 निम्नलिखित में से किसने, 'द डायरेक्टर (The Director)' नामक पुस्तक लिखी है?

Ans A). डैनियल केहलमैन (Daniel Kehlmann) B). जॉर्ज ऑरवेल (George Orwell) C). हारुकी मुराकामी (Haruki Murakami) D). ओरहान पामुक (Orhan Pamuk)

Correct Answer: A

"